# राजभवन से जुड़े सभी विश्वविद्यालय

देहरादून (एसएनबी)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने राजभवन में वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) द्वारा राज्य के विश्वविद्यालयों क लिए तैयार किए गए मोबाइल एप 'यूनिवर्सिटी कनेक्ट उत्तराखण्ड' का विमोचन किया। इस एप के माध्यम से राज्य के समस्त विश्वविद्यालय एक प्लेटफर्म पर राजभवन के साथ जुड़ गए हैं। इसके द्वारा सभी विश्वविद्यालयों को अपनी उपलब्धियों, बेस्ट प्रैक्टिसेज, कार्यक्रमों, विपय-विशेपज्ञों, सूचनाओं, स्टार्टअप, शोध और विकास को राजभवन के साथ ऑनलाइन साझा करने की सुविधा उपलब्ध हो गई है।

- **प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के लिए मोबाइल एप का विमोचन**
- **विश्वविद्यालयों को राजभवन से ऑनलाइन संवाद की सुविधा उपलब्ध**

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए छात्रों को मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं दिखाए जाने की व्यवस्था से राज्यपाल को अवगत कराया। कुलपति ने शैक्षणिक कार्यक्रमों के संचालन की निगरानी के लिए तैयार अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम का प्रस्तुतीकरण दिया। कुलपति ने यूटीयू द्वारा परीक्षा प्रश्नपत्रों के डिजिटलीकरण, उत्तर पुस्तिकाओं के डिजिटलीकरण व ऑनस्क्रीन मूल्यांकन तथा मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका दशनि से परीक्षा प्रणाली में आ रही पारदर्शिता व जवाबदेही होने की बात प्रस्तुतीकरण में की।

राज्यपाल ने कहा कि यूटीयू द्वारा डिजीटलीकरण की ओर भूमिका निभायी है अन्य विश्वविद्यालयों को भी इस कदम से सीख लेने की जरूरत है। इस अवसर पर कुलपति श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय प्रो. एनके जोशी, कुलपति वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय डा. पी कौशल ने भी विश्वविद्यालय के कार्यों व भविष्य की योजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया, उप सचिव एनके पोखरियाल, अनुभाग अधिकारी सचिन चमोली सहित राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति वर्चुअली उपस्थित रहे।